मानव संसाधन विकास मंत्रालय

पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण मिशन

शिक्षण अध्ययन केंद्र

रामानुजन कॉलेज, दिल्ली एवं हिंदी विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय

विषय : समकालीन साहित्य एवं मीडिया विमर्श

संकाय संवर्धन कार्यक्रम

(एक सप्ताह)

Faculty Development Program (One Week)

03 से 08 जनवरी 2019

पंजीकरण एवं प्रतिभागिता हेतु आमंत्रण

हिंदी विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय
रानाडे भवन, विद्यानगरी, सांताक्रुज -पूर्व
मुंबई- 400098.

संकाय संवर्धन कार्यक्रम

(Faculty Development Program)

<u>03 से 08 जनवरी 2019</u>

विषय : समकालीन साहित्य एवं मीडिया विमर्श

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 2017 में पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण मिशन आरंभ किया है। इस मिशन का एक उद्देश्य हमारे देश में उच्च शिक्षा की विभिन्न संस्थाओं में शिक्षक अध्ययन केंद्रों की स्थापना कर शिक्षकों के प्रशिक्षण में सहायता प्रदान करना है। शिक्षण अध्ययन केंद्रों का कार्य अध्यापन से संबंधित नए तरीकों, विषय विशेष के लिए पाठ्यक्रम तैयार करने और स्नातक तथा स्नातकोत्तर विभागों में शिक्षकों द्वारा प्रयोग हेतु नई अध्ययन सामग्री (ई - सामग्री समेत) तैयार करने की पद्धति विकसित करना और लगातार सीखने को बढ़ावा देना है। विचार यह है कि शिक्षण अध्ययन केंद्र के माध्यम से स्वतंत्र आलोचनात्मक एवं रचनात्मक सोच को बढ़ावा देकर तथा विषय की वृद्धि के लिए शोध में सहायता प्रदान कर अध्ययन-अध्यापन एवं शोध की प्रक्रिया को संवर्धित करेंगे।

पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षण मिशन उच्च शिक्षा में गुणात्मक वृद्धि तथा शिक्षकों और शोधार्थियों के बहुआयामी विकास के लिए संकल्पित है। इस संकल्प की पूर्ति हेतु मिशन संकाय संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। शिक्षक को अध्यापन की दृष्टि से तैयार करना और उसे अध्ययन-अध्यापन की अद्यतन जानकारी देना तथा शिक्षण प्रक्रिया को सहज बनाना, उच्च शिक्षा को उन्नत करना, शोधार्थियों में शोध की दृष्टि को विकसित करना तथा नवाचार को बढ़ावा देना इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य है। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए मुंबई विश्वविद्यालय का हिंदी विभाग उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए **03 से 08 जनवरी 2019** तक **“समकालीन साहित्य एवं मीडिया विमर्श”** विषय पर एक सप्ताह का **संकाय संवर्धन कार्यक्रम** (Faculty Development Program) आयोजित कर रहा है। इस पाठ्यक्रम में साहित्य और मीडिया के ख्याति लब्ध विद्वानों तथा विषय विशेषज्ञों को बुलाकर प्रतिभागियों का समुचित मार्गदर्शन किया जाएगा।

संकल्पना और उद्देश्य-

वर्तमान समय अस्मिता विमर्श का युग है. इस समय साहित्य में विमर्शों की बाढ़ आई है. जिनमें उत्तर आधुनिक विमर्श, स्त्री विमर्श, आदिवासी विमर्श, दलित विमर्श, किन्नर विमर्श, कृषक विमर्श, साम्प्रदायिकता विमर्श इत्यादि का समावेश है। इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया के कारण मीडिया विमर्श भी केंद्रीय विषय बन गया है। ऐसे ज्वलंत विषय पर शिक्षकों और शोधार्थियों को अद्यतन जानकारी देने, नवीनतम तकनीक से परिचित कराने तथा नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पाठ्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

सहभागिता हेतु दिशा-निर्देश-

1. संकाय संवर्धन कार्यक्रम में भारत के किसी भी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के संकाय सदस्य (नियमित/तदर्थ/अस्थायी) तथा पंजीकृत पी-एच.डी. शोध छात्र भाग ले सकते हैं। किंतु युवा शिक्षकों तथा देश के सुदूर भागों में अध्यापन-शोध कर रहे बाहर के शिक्षकों और शोधार्थियों को वरीयता दी जायेगी।
2. सभी प्रतिभागियों का पंजीकरण अनिवार्य है। प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे 20 दिसंबर 2018 तक मुंबई विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर या https://goo.gl/forms/lDtGIw38SZvBPqt02 इस लिंक की सहायता से **ऑनलाइन पंजीकरण कर लें।**
3. प्रतिभागी संख्या सीमित (50) है। चयनित प्रतिभागियों को 22 दिसम्बर तक सूचित कर दिया जाएगा।
4. बाहर के प्रतिभागियों को यात्रा व्यय (द्वीतीय श्रेणी रेल, बस) दिया जायेगा। हवाई जहाज का किराया केवल सुदूर वालों को दिया जायेगा। इस बारे में संयोजक की अनुमति लेनी होगी।
5. प्रतिभागियों के भोजन और ठहरने की व्यवस्था [एक कमरे में दो व्यक्ति इस आधार पर-03 जनवरी से 08 जनवरी तक] विश्वविद्यालय का हिंदी विभाग करेगा।
6. संकाय संवर्धन कार्यक्रम में सहभागिता के लिए पंजीकरण शुल्क का भुगतान अनिवार्य है। **आवास की सुविधा चाहने वाले प्रतिभागियों को ₹ 7,500/- का भुगतान करना होगा। अन्य प्रतिभागियों के लिए ₹ 2,500/- का भुगतान करना होगा।** पंजीकरण शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।

7. प्रतिभागियों को चयन की सूचना 22 दिसंबर तक दी जायेगी। चयन की सूचना मिलने के बाद प्रतिभागियों को 31 दिसंबर 2018 तक पंजीकरण शुल्क **NEFT/IMPS** के माध्यम से या **इलाहबाद बैंक की किसी भी शाखा में जाकर** भुगतान करना होगा।
8. **पंजीकरण शुल्क भुगतान हेतु बैंक खाते का विवरण इस प्रकार है-**

   खाताधारक का नाम - Finance & Accounts Officer, University of Mumbai.

   बैंक का नाम - **Allahabad Bank**, Kalina Branch, CST Road, Santacruz-E, Mumbai 400098.

   खाता संख्या - **20059535315** (Account Number)

   IFSC Code - **ALLA0210186,** MICR Code **– 400010010**

9. पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने के बाद उसकी रसीद 9423641663 इस Watts app मोबाइल क्रमांक पर भेजनी होगी। रसीद मिलते ही प्रतिभागी को निमंत्रण पत्र भेजा जायेगा। शुल्क भुगतान की रसीद संकाय संवर्धन कार्यक्रम के पहले दिन पंजीकरण डेस्क पर जमा करनी होगी।

सहभागिता हेतु महत्वपूर्ण -

1. संकाय संवर्धन कार्यक्रम 03 जनवरी 2019 को आरंभ होगा। प्रतिदिन 08 घंटे का कार्यक्रम होगा। इसमें चाय तथा भोजन के लिए अवकाश मिलेगा। कार्यक्रम का विवरण प्रतिभागियों को दिया जाएगा।
2. प्रतिभागी को प्रत्येक सत्र में उपस्थित रहना होगा। प्रमाण पत्र उन्हीं प्रतिभागियों को दिया जाएगा जो संकाय संवर्धन कार्यक्रम के प्रत्येक सत्र में उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक सत्र में उपस्थिति ली जाएगी। सभी सत्रों में उपस्थिति अनिवार्य है।
3. प्रतिभागियों को सभी नियमों और समय तथा दिनांक का पालन करना होगा।
4. सभी प्रतिभागियों को संकाय संवर्धन कार्यक्रम के किसी एक पहलू पर लघु-शोध पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. प्रतिभागियों को प्रत्येक सत्र में प्रतिपुष्टि देनी होगी। प्रत्येक सत्र के अंत में प्रतिभागियों को चर्चा के लिए समय दिया जायेगा।
6. संकाय संवर्धन कार्यक्रम में प्रायोगिक सत्र के लिए प्रतिभागी अपना लैपटॉप लेकर आएं।

कार्यक्रम स्थल -

वर्चुअल क्लास रूम,
नागरिक एवं राज्यशास्त्र विभाग,
फिरोजशहा मेहता भवन, मुंबई विश्वविद्यालय,
विद्यानगरी, सान्ताक्रुज़-पूर्व, मुंबई 400098.

संकाय संवर्धन कार्यक्रम का आयोजक मंडल

डॉ. एस. पी. अग्रवाल
निदेशक - शिक्षण अध्ययन केंद्र
डॉ. आलोक रंजन पाण्डेय
कार्यक्रम निदेशक

आयोजन समिति -
डॉ.राजीव नयन
डॉ. निखिल राजपूत

डॉ. करुणाशंकर उपाध्याय
संयोजक, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष,
हिंदी विभाग
मुंबई विश्वविद्यालय
डॉ. सचिन गपाट
सह-संयोजक,
हिंदी विभाग
मुंबई विश्वविद्यालय

अधिक जानकारी हेतु संपर्क -

प्रो. डॉ. करुणाशंकर उपाध्याय -9167921043/9869511876, ईमेल - dr.krupadhyay@gmail.com
डॉ. सचिन गपाट - 9689657974/9423641663, ईमेल – sachin.hindi@mu.ac.in
हिंदी विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय
रानाडे भवन, विद्यानगरी, सांताक्रुज -पूर्व
मुंबई- 400098.